माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in
ar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 02 /रोवर/रेंजर/एम0एस0यू0/2022–23 दिनांक 11.02.23

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त महाविद्यालय,
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,
पुँवारका, सहारनपुर (उ0प्र0)

विषयः– **रोवर–रेंजर प्रभारी को बैठक में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

आपको अवगत कराना है कि निदेशक कार्यालय उच्च शिक्षा एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी मेरठ/सहारनपुर निर्देश के अनुपालन में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, पुँवारका, सहारनपुर का भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0 संस्था के निर्देशन में अन्तर्महाविद्यालय रोवर–रेंजर समागम 1, 2, 3 मार्च 2023 में डी0ए0वी0 पी0जी0 कॉलेज, मुजफ्फरनगर में आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है। इसकी पूर्व तैयारी एवं सुझाव हेतु एक आवश्यक बैठक दिनांक 15.02.2023 को मध्याह्न 12:00 बजे सभा कक्ष कार्यालय डी0ए0वी0 पी0जी0 कॉलेज, मुजफ्फरनगर में मा0 कुलपति जी, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, पुंवारका, सहारनपुर के निर्देशन के अनुपालन में आहूत की गई है।

अतः आप अपने महाविद्यालय के रोवर–रेंजर प्रभारी को अनिवार्य रूप से समय से बैठक में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

प्रो0 मुकेश चन्द
समन्वयक रोवर–रेंजर
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

प्रतिलिपि– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सहायक कुलपति, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, पुँवारका, सहारनपुर (उ0प्र0)
2. कुल सचिव, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, पुँवारका, सहारनपुर (उ0प्र0)
3. विशेष कार्य अधिकारी भारत स्काउट एवं गाइड, उ0प्र0।
4. सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर, मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल को इस आशय से कि बैठक में उपस्थित होकर मार्गदर्शन करने की कृपा करें।
5. जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0 मुजफ्फरनगर/सहारनपुर/शामली।
6. जिला सचिव/संगठन कमिश्नर, भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0 मुजफ्फरनगर/सहारनपुर/शामली इस आशय से कि अपने जनपद से समस्त महाविद्यालय के रोवर, रेंजर प्रभारी को सूचित करने की कृपा करें।
7. समस्त रोवर–रेंजर प्रभारी, समस्त महाविद्यालय के रोवर–रेंजर प्रभारी को इस आशय से कि बैठक में समय से प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें।
8. रोवर रेंजर प्रभारी, डी0ए0वी0 पी0जी0 कालेज, मुजफ्फरनगर को बैठक के सम्बन्ध में व्यवस्था हेतु।

प्रो0 मुकेश चन्द
समन्वयक रोवर–रेंजर
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

Scanned with CamScanner